**SET – 1**

**Series : GBM/1/C**

कोड नं.
**Code No.** **58/1/1**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 100*

सामान्य निर्देश :

*(i)* *दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के सामने उनके अंक दर्शाए गये हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1 – 5** और **16 – 20** अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । सभी प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में देना है ।*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

*(iv) प्रश्न संख्या **6 – 8** और **21 – 23** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक न हों ।*

*(v) प्रश्न संख्या **9 – 11** और **24 – 26** यह भी लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक न हों ।*

*(vi) प्रश्न संख्या **12 – 15** और **27 – 30** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक न हों ।*

*(vii) उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त एवं सही होने चाहिए तथा यथासंभव निर्देशानुसार शब्द सीमा के भीतर उत्तर दिया जाना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i) **All** questions in both sections are **compulsory**.*

*(ii) Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii) Questions number **1 – 5** and **16 – 20** are very short answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one** sentence.*

*(iv) Questions number **6 – 8** and **21 – 23** are short answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should not normally exceed **60** words each.*

*(v) Questions number **9 – 11** and **24 – 26** are also short answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should not normally exceed **70** words each.*

*(vi) Questions number **12 – 15** and **27 – 30** are long answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should not normally exceed **100** words each.*

*(vii) Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड – अ

## Section – A

1. किसी वस्तु को घटिया वस्तु कब माना जाता है ? **1**

   When is a good considered an inferior good ?

2. औसत आगम (सम्प्राप्ति) इसके समान है : (सही विकल्प चुनिए)

   (A) कुल आगम को कुल उत्पादन से भाग करना

   (B) कीमत

   (C) (A) और (B) दोनों

   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं **1**



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

Average revenue equals : (Choose the correct alternative)

(A) Total revenue divided by the quantity produced.

(B) Price

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

3. उत्पादन फलन की परिभाषा दीजिए । **1**

Define production function.

4. एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म को निम्नलिखित का सामना करना पड़ता है : (सही विकल्प चुनिए)

(A) स्थिर कीमत

(B) स्थिर औसत आगम (सम्प्राप्ति)

(C) स्थिर सीमांत आगम (सम्प्राप्ति)

(D) उपरोक्त सभी **1**

A perfectly competitive firm faces : (Choose the correct alternative)

(A) Constant price

(B) Constant average revenue

(C) Constant marginal revenue

(D) All the above

5. किस प्रकार के बाज़ार में एक फर्म को कीमत स्वीकारक कहा जाता है ? **1**

Under which form of market a firm is called price taker ?

6. सकारात्मक अर्थशास्त्र और आदर्शक अर्थशास्त्र के बीच अंतर बताइए । प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए । **3**

अथवा

व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र के बीच अंतर बताइए । प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए ।

Distinguish between positive economics and normative economics. Give an example of each.

**OR**

Distinguish between micro-economics and macro-economics. Give an example of each.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

7. उत्पादन संभावना वक्र बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढलवाँ क्यों होता है ? समझाइए । 3

Why does a production possibility curve slope downwards from left to right ? Explain.

8. जब एक वस्तु की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ती है तो उसकी माँग 40 प्रतिशत गिर जाती है । इसकी कीमत मांग लोच का परिकलन कीजिए । 3

When price of a good rises by 20 percent its demand falls by 40 percent. Calculate its price elasticity of demand.

9. एक वस्तु की 'पूर्ति में वृद्धि' के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । 4

Explain any two causes of 'increase in supply' of a commodity.

10. सीमांत लागत और सीमांत आगम (सम्प्राप्ति) विधि द्वारा उत्पादन का संतुलन स्तर ज्ञात कीजिए । अपने उत्तर के लिये कारण दीजिए । 4

| कीमत (₹) | उत्पादन (इकाई) | कुल लागत (₹) | सीमान्त लागत (₹) |
|---|---|---|---|
| 10 | 1 | 10 | 10 |
| 10 | 2 | 19 | 9 |
| 10 | 3 | 26 | 7 |
| 10 | 4 | 36 | 10 |
| 10 | 5 | 48 | 12 |

अथवा

परिवर्ती अनुपातों के नियम के तीन चरणों की पहचान कीजिए । कारण दीजिए ।

| परिवर्ती निवेश (इकाई) | कुल उत्पाद (इकाई) |
|---|---|
| 1 | 5 |
| 2 | 11 |
| 3 | 15 |
| 4 | 17 |
| 5 | 15 |



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Identify the equilibrium level of output using "marginal cost and marginal revenue" approach. Give reasons for your answer.

| Price (₹) | Output (Units) | Total Cost (₹) | Marginal Cost (₹) |
|---|---|---|---|
| 10 | 1 | 10 | 10 |
| 10 | 2 | 19 | 9 |
| 10 | 3 | 26 | 7 |
| 10 | 4 | 36 | 10 |
| 10 | 5 | 48 | 12 |

**OR**

Identify the three phases of the law of variable proportions. Give reasons.

| Variable Input (Units) | Total Product (Units) |
|---|---|
| 1 | 5 |
| 2 | 11 |
| 3 | 15 |
| 4 | 17 |
| 5 | 15 |

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

11. जब हम कहते हैं कि एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार में क्रेताओं की बड़ी संख्या होती है तो इसका बाजार पर क्या अंतर पड़ता है ? व्याख्या कीजिए । **4**

What difference does it make to a perfectly competitive market when we say that there are large number of buyers in it ? Explain.

12. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है । सीमांत उपयोगिता विश्लेषण द्वारा उपभोक्ता संतुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए । **6**

A consumer consumes only two goods X and Y. Explain the conditions of consumer's equilibrium using Marginal Utility Analysis.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

13. बजट रेखा और अनधिमान वक्र की परिभाषा दीजिए । यह भी समझाइए कि दोनों बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढलवाँ क्यों होते हैं ? **6**

**अथवा**

(क) बजट रेखा सीधी रेखा क्यों होती है ? समझाइए ।

(ख) अनधिमान वक्र उत्तल क्यों होता है ? समझाइए ।

Define budget line and indifference curve. Also explain why the two are downward sloping from left to right ?

**OR**

(a) Why is budget line a straight line ? Explain.

(b) Why is indifference curve convex ? Explain.

14. एक महिला बैंक से रुपया उधार लेती है और अपने स्वामित्व वाले भवन में व्यवसाय शुरू करती है । वह व्यवसाय का प्रबंध भी स्वयं करती है । इसमें सीधे तौर पर पहचानी जा सकने वाली स्पष्ट लागतें और अंतर्निहित लागतें बताइए । अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए । **6**

A woman borrows money from a bank and starts a business in a building owned by her. She manages the business herself. What are the explicit costs and implicit costs in it directly identifiable ? Give reasons for your answer.

15. ऐसी आशा है कि वस्तु X पर वर्तमान सभी करों के स्थान पर अकेला प्रस्तावित "वस्तु और सेवा कर" (GST) लगाने से वस्तु X पर कुल कर काफी कम हो जाएगा । इसके वस्तु X की कीमत और मात्रा पर पड़ने वाले प्रभावों की शृंखला समझाइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । **6**

It is expected that replacement of all existing taxes on good X by the proposed single Goods and Services Tax (GST) will bring down overall tax on good X substantially. Explain its likely chain of effects on price and quantity of good X. Use diagram.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 15 के स्थान पर

ऐसी आशा है कि वस्तु X पर वर्तमान सभी करों के स्थान पर अकेला प्रस्तावित "वस्तु और सेवा कर" (GST) लगाने से वस्तु X पर कुल कर काफी कम हो जायगा । इसके वस्तु X की कीमत और मात्रा पर पड़ने वाले प्रभावों की शृंखला समझाइए । तालिका का प्रयोग कीजिए ।

**For the blind candidates in lieu of Q. No. 15**

It is expected that replacement of all existing taxes on good X by the proposed single Goods and Services Tax (GST) will bring down overall tax on good X substantially. Explain its likely chain of effects on price and quantity of good X. Use a schedule.

## खण्ड – ब

## Section – B

16. भारत में विदेशी दूतावास भारत के : (सही विकल्प चुनिए)

(A) आर्थिक क्षेत्र का भाग है ।

(B) भौगोलिक क्षेत्र का भाग है ।

(C) (A) और (B) दोनों का भाग है ।

(D) उपरोक्त में से किसी का भी भाग नहीं है । **1**

Foreign embassies in India are a part of India's : (Choose the correct alternative)

(A) Economic territory

(B) Geographical territory

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

17. मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद से क्या अभिप्राय है ? **1**

What is meant by Nominal Gross Domestic Product ?

18. राजकोषीय घाटा इसके समान है : (सही विकल्प चुनिए)

(A) प्राथमिक घाटा – ब्याज भुगतान

(B) प्राथमिक घाटा + ब्याज भुगतान

(C) कुल बजट व्यय – कुल बजट प्राप्तियाँ

(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं **1**

Fiscal deficit equals : (Choose the correct alternative)

(A) Primary deficit minus interest payments

(B) Primary deficit plus interest payments

(C) Total budget expenditure minus total budget receipts

(D) None of the above



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

19. सरकारी बजट में राजस्व प्राप्ति से क्या अभिप्राय है ? **1**

What is meant by revenue receipt in a Government Budget ?

20. भारत में स्थित एक कम्पनी विदेश में स्थित एक कम्पनी से उधार लेती है । भारत के भुगतान संतुलन खाते में यह लेनदेन कैसे दर्ज किया जाता है ? (सही विकल्प चुनिए)

(A) चालू खाते के क्रेडिट (credit) पक्ष में

(B) चालू खाते के डेबिट (debit) पक्ष में

(C) पूँजीगत खाते के क्रेडिट (credit) पक्ष में

(D) पूँजीगत खाते के डेबिट (debit) पक्ष में **1**

A company located in India receives a loan from a company located abroad. How is this transaction recorded in India's balance of payments account ? (Choose the correct alternative)

(A) Credit side of current account

(B) Debit side of current account

(C) Credit side of capital account

(D) Debit side of capital account

21. कारण देकर बताइए कि निम्नलिखित के साथ राष्ट्रीय आय मापते समय क्या व्यवहार किया जाता है :

(i) एक व्यक्ति द्वारा कार खरीदने हेतु बैंक से लिए गए ऋण पर ब्याज भुगतान ।

(ii) मुफ्त शिक्षा सेवाओं पर सरकार द्वारा किया गया व्यय ।

(iii) उत्पादन इकाई के लिए मशीन खरीदने पर व्यय । **3**

Giving reason state how are the following treated in estimation of national income.

(i) Payment of interest by an individual to a bank on a loan to buy a car.

(ii) Expenditure by government on providing free educational services.

(iii) Expenditure on purchasing a machine installed in a production unit.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

22. एक चर के प्रत्याशित माप और यथार्थ माप के बीच अंतर बताइए । इनमें से कौन सा राष्ट्रीय आय के निर्धारण के सिद्धांत का आधार है ? **3**

अथवा

औसत उपभोग प्रवृत्ति और औसत बचत प्रवृत्ति के बीच अंतर बताइए । दोनों के बीच क्या संबंध है ?

Distinguish between ex-ante measure and ex-post measure of a variable. Which of the two forms the basis of the theory of national income determination ?

**OR**

Distinguish between average propensity to consume and average propensity to save. What is the relation between the two ?

23. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0.5 है, तो निवेश गुणक के मूल्य का परिकलन कीजिए । **3**

If marginal propensity to consume is 0.5, calculate the value of investment multiplier.

24. मान लीजिए तम्बाकू के उपभोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है । इसके (क) सकल घरेलू उत्पाद और (ख) कल्याण पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की व्याख्या कीजिए । **4**

अथवा

आय के वितरण में असमानताओं में वृद्धि से समाज के कल्याण पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए ।

Suppose a ban is imposed on consumption of tobacco. Examine its likely effects on (a) gross domestic product and (b) welfare.

**OR**

How does increase in inequalities in distribution of income affect welfare of the society ? Explain.

25. यदि विधिक आरक्षित निधि अनुपात 0.2 हो और नई जमाएँ ₹ 1,000 हो, तो वाणिज्य बैंकों द्वारा मुद्रा सृजन की प्रक्रिया समझाइए । **4**

If Legal Reserve Ratio is 0.2 and new deposits are ₹ 1,000, explain the process of money creation by the commercial banks.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

26. मुद्रा आपूर्ति में कमी लाने में "खुले बाजार के कार्यकलाप" की भूमिका समझाइए । **4**

Explain the role of "open market operations" in reducing money supply.

27. समग्र माँग और समग्र पूर्ति विधि द्वारा राष्ट्रीय आय संतुलन स्तर का निर्धारण समझाइए । रेखाचित्र का उपयोग कीजिए । यह भी समझाइए कि यदि समग्र माँग समग्र पूर्ति से कम हो तो इसका क्या प्रभाव होगा । **6**

Explain determination of equilibrium level of national income using aggregate demand and aggregate supply approach. Use diagram. Also explain the effect when aggregate demand is less than aggregate supply.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर

**For blind candidates in lieu of Q. No. 27.**

समग्र माँग और समग्र पूर्ति से क्या अभिप्राय है ? यदि समग्र माँग और समग्र पूर्ति का व्यवहार दिया गया हो, तो एक अर्थव्यवस्था का संतुलन कब होगा ? यदि समग्र माँग समग्र पूर्ति से कम हो तो क्या होता है ? समझाइए । **6**

What is meant by aggregate demand and aggregate supply ? Given aggregate demand and aggregate supply behaviour, when is an economy in equilibrium ? What happens when aggregate demand is less than aggregate supply ? Explain.

28. 'उज्ज्वला योजना' के अधीन सरकार गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों को मुफ्त एल.पी.जी. रसोई गैस कनैक्शन दे रही है । सरकारी बजट के माध्यम से सरकार कौन सा उद्देश्य पूरा करने का प्रयत्न कर रही है और कैसे ? समझाइए । **6**

अथवा

समझाइए किस प्रकार सरकारी बजट में करों, व्यय और आर्थिक सहायता के माध्यम से संसाधनों के आबंटन को प्रभावित किया जा सकता है ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

The Government, under Ujjwala Yojana, is providing free LPG kitchen gas connections to the families 'below the poverty line'. What objective the government is trying to fulfil through the government budget and how ? Explain.

**OR**

Explain how the allocation of resources can be influenced in the government budget through taxes, expenditure and subsidies.

29. विदेशी विनिमय की माँग के तीन स्रोतों की और इसकी पूर्ति के तीन स्रोतों की व्याख्या कीजिए । **6**

Explain three sources of demand for foreign exchange and three sources of supply of foreign exchange.

30. (क) निजी आय तथा (ख) राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए : **6**

| | | (₹ करोड़) |
|---|---|---|
| (i) | गैर–विभागीय उद्यमों की बचत | 30 |
| (ii) | वैयक्तिक प्रयोज्य आय | 900 |
| (iii) | सरकारी प्रशासनिक विभागों की विविध प्राप्तियाँ | 20 |
| (iv) | निगम लाभ कर | 100 |
| (v) | वैयक्तिक कर | 150 |
| (vi) | सरकारी प्रशासनिक विभागों को सम्पत्ति और साहस से प्राप्त आय | 50 |
| (vii) | सरकार से प्राप्त चालू हस्तांतरण | 50 |
| (viii) | विदेशों को निवल चालू हस्तांतरण | (–) 10 |
| (ix) | निजी निगमित क्षेत्र के अवितरित लाभ | 10 |
| (x) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 40 |



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Calculate (a) Private Income and (b) National Income :

| | | (₹ crore) |
|---|---|---|
| (i) | Savings of non-departmental enterprises | 30 |
| (ii) | Personal disposable income | 900 |
| (iii) | Miscellaneous receipts of Government Administrative Departments | 20 |
| (iv) | Corporate profit tax | 100 |
| (v) | Personal tax | 150 |
| (vi) | Property and entrepreneurial income accruing to the Government Administrative Departments. | 50 |
| (vii) | Current transfers from Government | 50 |
| (viii) | Net current transfers to abroad | (–) 10 |
| (ix) | Undistributed profits of private corporate sector | 10 |
| (x) | National debt interest | 40 |

collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform